हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 28 अक्टूबर 2024
[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]



## खबर संक्षेप

### छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीयन की तिथि में वृद्धि

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ राज्य में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 2024–25 सत्र में ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के पंजीकरण की तिथि बढ़ा दी गई है। यह छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर के लिए उपलब्ध है। इच्छुक विद्यार्थी 01 नवंबर से 31 दिसंबर तक ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेजों, मेडिकल कॉलेजों, नसिंर्ग कॉलेजों, पॉलिटेक्निक एवं आई.टी.आई. के प्राचार्यों और छात्रवृत्ति प्रभारी द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण, स्वीकृति और वित्तरण की प्रक्रिया पर की जा रही है।

### 11 सूत्री मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ ने निकाली रैली



**मगरलोड।** भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष लालाराम चंद्राकर के निर्देश पर कार्यकर्ताओं ने अपनी 11 सूत्री मांग को लेकर तहसील कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान संघ मगरलोड के कार्यकर्ता पुराना बाजार चौक में भगवान बलराम के जयघोष के साथ रैली निकालकर पैदल नगर भ्रमण करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। सभा को संबोधित करते हुए भारतीय किसान संघ मगरलोड के अध्यक्ष तोमन सिंह साहू ने कहा कि उनकी लंबित 11 सूत्री मांग जायज है जिस पर शासन को तत्काल संज्ञान में लेकर इन पर सकारात्मक पहल करनी चाहिए। इस अवसर पर मंशाराम साहू, ईश्वर साहू, बालाराम साहू, बसंत साहू, गजेंद्र साहू, रामाराम साहू, वेदराम साहू, प्यारी साहू, शुक्लू राम साहू, दीपक साहू, दीपचंद साहू, मेघराज साहू, तीरथ राम साहू, हरिराम चक्रधारी, गिरधारी पटेल, बसंत साहू, विरेंद्र साहू, हीरालाल साहू, प्रेम साहू, नरेंद्र साहू, भीष्म साहू, गौतम साहू, लोकपाल साहू उपस्थित थे।

### शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर बांटी औषधि

**कुरूद।** शासन की महत्वपूर्ण योजना आयुष ग्राम योजना अंतर्गत ग्राम कातलबोड़ में त्रैमासिक आयुष ग्राम शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 183 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण कर औषधि प्रदान कर लाभान्वित किया गया। शुक्रवार को आयुष ग्राम तथा शरद ऋतु के अनुसार दिनचर्या पालन, पितजन्य रोगों में विरेचन आदि के संबंध में जानकारी दी गई। स्थानीय स्तर पर पाए जाने वाले औषधीय पौधों के प्रयोग के बारे में बताया गया। ब्लड प्रेशर की जांच कर रोगानुसार औषधि व आहार-विहार की जानकारी दी गई। काढ़ा का वितरण किया गया। योग प्राणायाम को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती सुनीता साहू, पूर्व सरपंच तेजनलाल साहू, शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष विकास साहू, प्रधानपाठक महेंद्र साहू, ग्राम पटेल रामप्रसाद साहू, सचिव पवन साहू, शिक्षक तुमन साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीना साहू व ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

### गायत्री परिवार का नशा मुक्त भारत अभियान

**धमतरी।** गायत्री परिवार जिला धमतरी द्वारा शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नत्थू जी जगताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में कक्षा नवमी से 12 वीं तक के 120 छात्रों को नशा नहीं करने का संकल्प कराया गया। अभियान से प्रभावित होकर तत्काल 16 छात्रों ने मंच पर आकर जीवन भर नशा नहीं करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला समन्वयक दिलीप नाग ने कहा कि भावी पीढ़ी को नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए तैयार करना है। नशा नाश की जड़ है। नशा से तन, मन और धन की बरबादी के साथ, टी.बी.केंसर जैसे जानलेवा बीमारी होती है।

# बाहरी फेरीवालों और संदिग्ध लोगों से रहें सावधान, ठिकाना न बनाने दें

## ग्रामीण इलाकों में बढ़ते अपराधों के मद्देनजर बरती जा रही सावधानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पुलिस ने सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण अपील जारी की है, जिसमें जिले के सभी ग्राम सरपंच, कोटवार और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। पुलिस ने विशेष रूप से बाहरी घुमक्कड़ सामान बेचने वाले, फेरीवाले, कंबल और जड़ी–बूटी बेचने वाले, बर्तन और सोना–चांदी चमकाने वाले लोगों को गांवों में प्रवेश करने या ठिकाना बनाने की अनुमति न देने का आग्रह किया है। यह चेतावनी ग्रामीण इलाकों में बढ़ते अपराधों के मद्देनजर दी गई है। पुलिस का कहना है कि फसल कटाई और खेती–बाड़ी के कार्यों के दौरान अधिकतर ग्रामीण दिनभर खेतों में व्यस्त रहते हैं। जिससे उनके घरों पर ताला लगा रहता है। इस दौरान बाहरी गिरोह के लोग इन अवसरों का फायदा उठाकर चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम दे सकते हैं। पुलिस का कहना है कि ऐसे संदिग्ध लोगों की गतिविधियों पर नजर रखें। उन्हें गांव में घूमने या ठिकाना बनाने की अनुमति न दें।

पुलिस ने यह भी बताया कि कई बार घरों में महिलाएं अकेली रहती हैं। जिनके साथ बाहरी लोग आसानी से संपर्क स्थापित करने की कोशिश कर सकते हैं। पुलिस का कहना है कि गांव की महिलाओं को भी सतर्क करें ताकि वे किसी भी बाहरी व्यक्ति के बहकावे में न आएं। संदिग्ध व्यक्तियों से दूरी बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अनहोनी की आशंका हो तो तुरंत अपने नजदीकी थाने में सूचना दें।



### किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना दें

कोंडागांव पुलिस ने सभी ग्रामवासियों से अपील की है कि यदि गांव में कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर आए, तो उसकी जानकारी तुरंत पुलिस के साथ साझा करें। पुलिस का कहना है कि उनके पास किसी भी आपात स्थिति में संपर्क किया जा सकता है और वे ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए हरसंभव मदद के लिए तत्पर रहेंगे।यह अपील ग्रामीणों को सुरक्षा के प्रति जागरूक और सतर्क रखने के उद्देश्य से है। बाहरी घुमक्कड़ और संदिग्ध लोगों से जुड़े संभावित खतरों को देखते हुए। पुलिस ने यह कदम उठाया है ताकि ग्रामीण अपने परिवार और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें।

# कांग्रेस ने किया मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का पुतला दहन

सरकार का पुलिस से नियंत्रण हट गया है, जिससे हो रहीं हैं घटनाएं : दीवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ बलरामपुर की घटना को लेकर कांग्रेसी उतरे सड़क पर

छत्तीसगढ़ में बिगड़ती कानून व्यवस्था और हाल ही में बलरामपुर जिले की पुलिस कस्टडी में हुई घटना को लेकर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी का विरोध तेज हो गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार रविवार को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी के तहत जिला कांग्रेस कमेटी ने भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला जलाकर अपना विरोध प्रकट किया। उसके पहले अपरान्ह 4 बजे कांग्रेस भवन में सभी कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता एकत्रित हुए। और सड़क पर उतरकर जमकर नारेबाजी की।



जिलाध्यक्ष झुमुकलाल दीवान ने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है। उन्होंने कहा कि हर दूसरे दिन प्रदेश में किसी न किसी बड़ी घटना की खबर आती है। बलौदा बाजार, सूरजपुर, कवर्धा और अब बलरामपुर में पुलिस की तानाशाही के चलते ऐसी घटनाएँ हो रही हैं। श्री दीवान ने मुख्यमंत्री और गृहमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें नैतिकता के आधार पर अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि शांत छत्तीसगढ़ को अपराधों का गढ़ बनाने में सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी है, जिससे आम नागरिक भय और असुरक्षा महसूस कर रहे हैं। श्री दीवान ने कहा कि बलरामपुर की घटना पुलिस की तानाशाही का परिणाम है और यह दिखाता है कि सरकार पर जनता का नियंत्रण कमजोर हो गया है। उन्होंने मांग की कि मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को तुरंत प्रभाव से अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार नहीं होता है, तो पार्टी प्रदेशव्यापी आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेगी।

### ये रहे उपस्थित

जिलाध्यक्ष झुमुकलाल दीवान के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम, शहर अध्यक्ष तरुण गोलछा, ब्लॉक अध्यक्ष भारत देवांगन, नरेन्द्र देवांगन, हेमा देवांगन, नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा यादव, संजय करन, योगेंद्र राठौर, सेवादल, एनएसयूआई, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, मंडल, ब्लॉक कांग्रेस, शहर कांग्रेस, जिला पंचायत, सरपंच, पार्षद और नगर पालिका के निर्वाचित पदाधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# स्व सहायता समूह की महिलाओं को योजनाओं से करें लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ जन शिक्षण संस्थान कोंडागांव की प्रबंधन समिति की पांचवी बैठक



जनशिक्षण संस्थान के कार्यालय में प्रबंधन समिति की पांचवीं बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता चेयरपर्सन हेमनाथ मिश्र ने की। बैठक में चेयरपर्सन हेमनाथ मिश्र अध्यक्ष पुष्पराज अनंत सचिव, निवास नायडू, श्रीमती केकती बर्मन, चिरंजीव राव, श्रीमती संध्या देवांगन, विजय पाल सिंह, राजाराम त्रिपाठी, श्रीमती सागरबती नेताम, चेतन कुमार देवांगन, प्रकाश बागड़े सदस्य उपस्थित रहे। मिटिंग में सर्वप्रथम संस्था के निदेशक पुष्पराज अनंत द्वारा सभी सदस्यों का अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण सत्र 2024–25 की सम्पूर्ण गतिविधि को विस्तार से अवगत कराया गया। अध्यक्ष हेमनाथ मिश्र ने कहा कि स्व सहायता समूह के महिलाओं को रोजगार कार्यालय से जोड़कर उन्हे लाभान्वित योजनाओं की जानकारी और लाभ दिलाएं। कौशल विकास विभाग से श्री राव ने मर्दापाल क्षेत्र जहां नेटवर्क का अभाव है। वहां पंजीयन करने को सराहा।

### जल्द ही प्रशिक्षण होगा आरंभ

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कोण्डागांव की प्रबंधक श्रीमती कुसुमलता नेताम ने कहा कि लोन के लिए हमारे कार्यालय में संपर्क किया जाए। मांकड़ी ब्लॉक में और प्रशिक्षण केन्द्र खोलने का प्रस्ताव रखा। जिसे जन शिक्षण संस्थान कोण्डागांव के निदेशक पुष्पराज अनंत ने कहा कि हम माकड़ी ब्लॉक में और मोबिलाइज कर रहे हैं। जल्द ही प्रशिक्षण प्रारंभ कर दिया जाएगा। संस्थान के चेयरमेन हेमनाथ मिश्र ने सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए बैठक समापन की घोषणा की।

सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश बागड़े ने बेचा–कड़ेनार क्षेत्र में राजमिस्त्री का प्रशिक्षण देने का आग्रह किया। बैंक ऑफ इंडिया शाखा कोण्डागांव के प्रबंधक चेतन देवांगन ने कहा कि प्रत्येक बैच को बैंक से गेस्ट लेक्चर द्वारा बैंक संबंधित जानकारी प्रदान किया जाएगा। महिल स्व सहायता समूह का भी खाता खोला जाएगा।

# बस्तर ओलंपिक के लिए अफसरों को मिला दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव




बस्तर ओलम्पिक के आयोजन की तैयारियों के सम्बन्ध में आज जिला पंचायत में जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई ने बस्तर ओलम्पिक के विकासखंड और जिला स्तरीय आयोजन की व्यवस्था के लिए विभिन्न विभाग के अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों के निर्वहन के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न खेलों के आयोजन के लिए मैदानों का चिन्हांकन के साथ सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, विद्युत, पेयजल की व्यवस्था के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही खिलाड़ियों के लिए परिवहन सहित आवासीय और भोजन व्यवस्था के लिए भी निर्देशित किया गया। इस अवसर पर बस्तर ओलम्पिक के लिए गठित जिला स्तरीय समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# जलदूत ऐप से भूजल स्तर का किया जा रहा मापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में भू–जल स्तर का मापन मानसून के बाद किया जा रहा है। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में स्थित सभी कुओं का जल स्तर मापा जा रहा है। यह महत्वपूर्ण कार्य महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्यरत रोजगार सहायक और बीएफटी द्वारा किया जा रहा है। जलदूत ऐप का उपयोग करते हुए कर्मचारियों द्वारा कुओं के जल स्तर की जानकारी एकत्रित की जा रही है। इस डेटा से जल स्तर की वर्तमान स्थिति का आकलन किया जाएगा, जो जल संरक्षण और प्रबंधन के लिए सहायक साबित होगी। इसके अंतर्गत जनपद पंचायत फरसगांव के ग्राम पंचायत देवगांव में बीएफटी घासीदास के द्वारा किया गया।

# जल जीवन मिशन से ग्राम बोरगांव के हर घर में पहुंच रहा शुद्ध पेयजल

स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक विकास के लिए बना रहा एक मजबूत आधार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ ग्रामीणों के जीवन में सुधार लाने में साबित हो रहा कारगर

विकासखंड के ग्राम बोरगांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी घरों में पाइपलाइन के माध्यम से स्वच्छ जल पहुंचाया जा रहा है। यह योजना न केवल ग्रामीणों के जीवन में सुधार लाने में कारगर है, बल्कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संकल्पना को भी साकार करती है कि हर नागरिक को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो। जल जीवन मिशन की स्थापना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रें में रहने वाले लोगों को सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है। यह मिशन न केवल जल संकट को दूर करता है। बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक विकास के लिए भी एक मजबूत आधार तैयार करता है। इस मिशन के तहत, सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि हर घर में नल जल की सुविधा हो, जिससे लोगों को पानी के लिए भटकना न पड़े।

### जल प्रबंधन के लिए ग्रामसभा का आयोजन

ग्राम बोरगांव में योजना का लाभ घर–घर पहुंचाने के लिए ग्रामसभा का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत के सरपंच, ग्राम स्तरीय समिति के सदस्य और ग्रामवासी शामिल हुए। इस सभा में नल जल योजना को सुचारू रूप से चलाने के लिए ग्रामवासियों की सहमति ली गई। यह एक महत्वपूर्ण कदम था, क्योंकि इस योजना की सफलता के लिए समुदाय का सहयोग आवश्यक है। सभा में समिति के सभी सदस्यों को योजना के संचालन और रख–रखाव के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। यह सुनिश्चित किया गया कि सभी सदस्य अपनी जिम्मेदारियों को समझें और योजना को सही तरीके से लागू करने में सहयोग करें। सभा में जल संरक्षण और जल संवर्धन के महत्व पर भी चर्चा की गई। ग्रामीणों को बताया गया कि पानी की सीमित मात्र का उपयोग कैसे किया जाए। किचन, गार्डन और अन्य उपयोगों में पानी बचाने के तरीकों पर भी विचार–विमर्श हुआ। यह जागरुकता न केवल जलसंकट को दूर करने में मदद करेगी बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी जल संसाधनों को संरक्षित करने में सहायक होगी।

### टेप जल आपूर्ति का लाभ ले रहे हैं ग्रामीण

जल जीवन मिशन के तहत अब बोरगांव में घर–घर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। पहले ग्रामीण हैंडपंप और अन्य जल स्त्रेतों पर निर्भर थे, जिससे बरसात के दिनों में पानी भरने में समस्या आती थी। गर्मियों में भू–जल स्तर कम होने के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब, गांव में पानी टंकी के निर्माण से ग्रामीणों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो रहा है।

### ग्रामीणों की सहभागिता जरूरी

ग्राम बोरगांव की इस सफलता की कहानी यह दर्शाती है कि जब सरकार और समुदाय एक साथ मिलकर काम करते हैं, तो किसी भी चुनौती का सामना किया जा सकता है। जल जीवन मिशन के तहत बोरगांव में नल जल प्रदाय का कार्य केवल पानी की उपलब्धता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य, स्वच्छता और विकास का एक समग्र दृष्टिकोण है। इस योजना के माध्यम से, ग्रामीणों को न केवल स्वच्छ पानी मिल रहा है, बल्कि उनकी जीवनशैली में भी सुधार हो रहा है। आज बोरगांव एक उदाहरण प्रस्तुत करता है कि कैसे सही नीतियों और सामुदायिक सहयोग के माध्यम से बदलाव लाया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, यह योजना ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उनका दृढ़ विश्वास है कि जल एक मौलिक अधिकार है और हर व्यक्ति को इसकी उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने हमेशा यह संदेश दिया है कि अगर हम जल संसाधनों का सही उपयोग करें, तो न केवल अपने जीवन को सुधार सकते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक बेहतर भविष्य तैयार कर सकते हैं।

## पेज 11 के शेष

### बेहतर जीवन के लिए ...

साग सब्जी और स्थानीय स्तर पर उपलब्ध फलों को अपने आहार में शामिल करना चाहिए।

ये रहे उपस्थित : विवि में समाज कार्य अध्ययनशाला की विभागाध्यक्ष डॉ. सुकृता तिर्की के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की वार्डन हेमलता ध्रुव, एमएसडब्ल्यू अध्ययनशाला की अतिथि व्याख्याता श्रद्धा डोंगरे, विद्यार्थी युक्ति साहू, निकिता, लीना साहू, निखिल देवांगन, रमा बघेल, परिणिता सिंग एवं बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं और बालिकाएं उपस्थित रहीं।

### कांग्रेस ने फूंका ...

डर और भय का माहौल व्याप्त है। सरकार की विफलता की पूरी जवाबदेही मुख्यमंत्री की है। मुख्यमंत्री का नियंत्रण सरकार पर बिल्कुल भी नहीं है। इस दौरान उपनेता प्रतिपक्ष राजेश राय, रविशंकर तिवारी,हनुमान दिवेदी, अंगद प्रसाद त्रिपाठी, पार्षद कमलेश पाठक,ब्लॉक अध्यक्ष राजेश चौधरी, महामंत्री जाहिद हुसैन, महेश दिवेदी, सेमियल नाथ,असीम सुता, अनुराग महतो, शादाब अहमद, संदीप दास, विक्रांत सिंह, उस्मान रजा, एस नीला, मनीता राऊत, पापिया गाईंन, अंजना नाग, सलीम जाफर,हरदास बघेल, खिरेंद्र यादव, समीर खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बलरामपुर की घटना आत्महत्या नहीं, हत्या है : श्री मौर्य ने कहा बलरामपुर की घटना आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या है। बलरामपुर में महिलाओं ने पुलिस पर हमला कर दिया। सरकार की फेलियर का नतीजा है। जनता को अब पुलिस और सरकार पर भरोसा नहीं रह गया है। जनता सरकार की क्षमता और पुलिस की दुर्भावनापूर्वक कार्रवाई के खिलाफ विद्रोह पर उतर आई है।

### कालीपुर लीजेंड ने ....

हुए। निचले क्रम में आदित्य मिश्रा ने 17 गेंद में 21 रन बनाकर टीम का स्कोर 20 ओवर में 133 रनों तक पहुंचा। धरमपुरा ग्रीन सिटी के सफल गेंदबाज दिनेश रहे,जिन्होंने चार ओवर में 31 रन देकर चार महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। रनों का लक्ष्य के पीछा करने उतरे धरमपुरा के लिए पंकज और आशीष मैदान पर उतरे दोनों ने संभलकर खेलते हुए तीन ओवरों में 21 रन की साझेदारी की। टीम का पहला विकेट आशीष जोशी केवल तीन रन बनाकर खेल रहे थे,जिन्हें हिमांशु ने रन आउट किया। इसके बाद गौरव द्विवेदी केवल एक रन बनाकर पेवेलियन लौटे। 22 रनों पर धरमपुरा के दो विकेट गिर चुके थे। इसके बाद दुर्गेश जायसवाल और पंकज ने 40 रनों के साझेदारी कर टीम का स्कोर 65 रनों तक पहुंचा। इसके बाद केवल 10 ओवरों में धरमपुरा को जीत के लिए लगभग 69 रनों की आवश्यकता थी। इसके बाद बॉलिंग के लिए आए प्रदीप गुहा ने एक ओवर में ही धरमपुरा के तीन बल्लेबाजों को आउट कर मैच का रुख ही पलट दिया। निचले क्रम में तरुण ठाकुर ने 8 गेंद पर शानदार 15 रन और दुर्गेश जायसवाल ने 18 गेंद 18 रन बनाकर टीम को जीतने का प्रयास किया। धरमपुरा की पुरी टीम केवल 18 ओवर में ही 103 रन बनाकर आउट हो गई। इस तरह कालीपुर लीजेंड के प्रदीप गुहा ने शानदार 4 ओवर में 15 रन देकर 5 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। दूसरे मुकाबले में तितरगाव ने सिरहासार क्रिकेट क्लब को हराया।



हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 28 अक्टूबर 2024
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 28 अक्टूबर 2024



08 बाहरी फेरीवालों और संदिग्ध लोगों से रहें सावधान...





08 कांग्रेस ने किया मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का पुतला दहन






## खबर संक्षेप

### पिकअप ने बाइक को ठोंका चालक की मौत

**कांकेर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर जैसाकर्रा जाने वाले टर्निंग में बोलेरो पिकप चालक ने बाईक को ठोकर मारा था, जिसमें ईलाज के दौरान बाईक चालक की मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले की विवेचना के दौरान आरोपी की पतासाजी हुई, उसके उपरांत आरोपी पिकप चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। टांहकापार निवासी उदेराम पटेल और किलेपार निवासी नरेन्द्र ध्रुव, सराधुराम सलाम, संतोष दुग्गा चौकी हल्बा पहुँचे और उन्होने मौखित बताया कि उनका साला मृतक मनीष नेताम पिता स्व. जयराम नेताम उम्र 24 वर्ष निवासी किलेपार निजी काम से अपनी मोटर सायकल होण्डा साईन क्रमांक सीजी 19 बीके 9396 से ग्राम चारामा आया था और रात करीबन 8 बजे मोटर सायकल से ग्राम रतेसरा होते हुए ग्राम किलेपार जा रहा था, उसी समय रात को लगभग 8 बजे कांकेर की ओर से आ रही अज्ञात वाहन का चालक अपनी वाहन को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते लाकर जैसाकर्रा जाने रोड पास राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में मनीष नेताम के मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।

### सारवंडी में 3 दिनी प्रतियोगिता 30 से

**दुधावा।** दीपावली के पर्व पर सारवंडी में तीन दिवसीय डे नाईट कबड्डी प्रतियोगिता 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक कर्मचारी संघ के तत्वावधान एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजन किया रखा गया है। आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15,111 रूपएं, दूसरा पुरस्कार 11,111 रूपएं, तीसरा पुरूस्कार 7,111 रूपएं और चौथ पुरूस्कार 5,111 रूपएं रखा गया है। उक्ताशय जानकारी चेतन सिन्हा और गौकरण साहू के द्वारा दिया जाएगा।

# छात्राओं की शैक्षिणक यात्रा को अब और अधिक सुगम बनाएगी साइकिल : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत राज्य में स्कूली छात्राओं को दूर दराज ग्रामों से स्कूल पहुंचने में कठिनाइयों का सामना न करने पड़े इस उद्देश्य से साइकिलों का वितरण किया जा रहा है। बकावण्ड विकासखंड अंतर्गत सरगीपाल स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे छात्राओं को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप ने सरगीपाल, राजनगर एवं शासकीय हाई स्कूल कोसमी की छात्राओं को साइकिल वितरित किया। सांसद ने कहा की छात्राओं को साइकिल मिलने से उन्हें स्कूल आने-जाने में सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सोच के अनुरूप राज्य की छात्राओं का पढ़ाई में मन लगा रहे। जिससे कि परिणाम शानदार होकर राज्य का नाम रोशन हो सके। छात्राओं को समय पर स्कूल जाने के लिए किसी पर निर्भर ना होना पड़े और स्वयं अपनी साइकिल से विद्यालय आवाजाही कर सके। सांसद का ग्रामीणों ने अपनी परम्परा के अनुसार भव्य स्वागत किया।

## सरस्वती योजना की साइकिलें छात्राओं को बांटी गईं

### शिक्षा को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता जताई

पालकों,अतिथियों और शिक्षकों विद्यार्थियों के प्रगति पर विचार विमर्श किया और शिक्षा को बेहतर बनाने के लिये आपसी समन्वय की प्रतिबद्धता जताई। शिक्षक प्रदीप पाड़ी के द्वारा उपस्तिथ जनों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता रेणुबाला ने किया।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष बकावण्ड धनुर्जय कश्यप, अनुसूचित जाति मोर्चा से वनवासी मौर्य, जनपद सदस्य सुनील सेठिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित त्रिवेदी, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सत्यप्रकाश गुप्ता, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास मिश्रा, प्राचार्य अनंत राम कश्यप एवं प्राचार्य पुरुषोत्तम साहू उपस्थित हुए एवं सभी ने छात्राओं को साइकिल वितरित किया। संस्था का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संस्था की प्राचार्या एम सुजाता नायडू ने कहा की कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को न केवल प्रोत्साहित करना था, बल्कि उनकी शैक्षिक यात्रा को सुगम बनाना भी है। उन्होंने पालकों से भी उनकी शिक्षा की ओर ध्यान देने आह्वान किया।

## आपरेशन : आरपीसी कमेटी मेंबर को उपचार के लिए डिमरापाल में कराया गया भर्ती

# कुम्मामेटा मुठभेड़, घायल नक्सली गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर


सुकमा के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र स्थित कुम्मामेटा के जंगल में नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने एक घायल नक्सली को गिरफ्तार किया है। घायल नक्सली को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

- घायल नक्सली के खिलाफ जिले के तीन थानों में चार मामले दर्ज

बताया जा रहा है कि 26 अक्टूबर को भैरमगढ़ थाना क्षेत्र स्थित कुम्मामेटा के जंगलों में माटवाड़ा एलओएस कमांडर अनिल पूनेम, हुंगा मड़काम व अन्य 10-12 सशस्त्र माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी की टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। इस दौरान कुम्मामेटा के जंगलों में पुलिस और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद सर्चिंग में सुरक्षाबल के जवानों ने बेलचर आरपीसी कमेटी सदस्य राकेश कुमार ओयाम पिता बीजा ओयाम उम्र 20 वर्ष निवासी माटवाड़ा थाना भैरमगढ़ को घटनास्थल पर घायल अवस्था में देखा। घायल नक्सली को बीजापुर जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रविवार को डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया जहां उसका उपचार जारी है। गिरफ्तार घायल नक्सली के खिलाफ थाना जांगला, भैरमगढ़ व थाना मिरतुर में 4 मामले पूर्व से दर्ज है। मुठभेड़ के बाद इलाके में सर्चिंग तेज कर दी गई है। वहीं इस मामले में थाना भैरमगढ़ में अन्य वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## विस्फोटक के साथ दो नक्सली गिरफ्तार

**कोंटा।** विस्फोटक पदार्थ के साथ दो नक्सलियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। ज्ञात हो कि सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर शनिवार को दो संदिग्ध व्यक्तियों को केरलापाल थाना क्षेत्रान्तर्गत गिरफ्तार किया गया है। सामसेट्टी के जाने वाले मार्ग में घुम रहे दो व्यक्तियों की तस्दीक पर जिला बल, डीआरजी एवं बस्तर फाइटर की संयुक्त पार्टी को यह सफलता मिली है। कवासी हिड़मा पिता स्व. कवासी देवा मिलिशिया सदस्य एवं रेंज कमेटी अध्यक्ष 21 वर्ष जाति मुरिया निवासी ग्राम बगड़ेगुड़ा, कननपारा थाना केरलापाल एवं वंजाम देवा पिता वंजाम भीमा मिलिशिया सदस्य एवं रेंज कमेटी उपाध्यक्ष 30 वर्ष निवासी ग्राम बगड़ेगुड़ा करकापारा थाना केरलापाल को गिरफ्तार किया गया है । पकड़े गये संदिग्ध व्यक्तियों के कब्जे में रखे थैलो के चेकिंग करने पर एक नग टिफिन बम वजनी तीन किग्रा. तीन नग बैटरी,दो नग डेटोनेटर एवं एक बंडल बिजली वायर बरामद किया गया।





### सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की थी नीयत

*सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से रखे उक्त कृत्य विधि विरूद्ध पाये जाने से दोनों के खिलाफ थाना केरलापाल में प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम कार्रवाई करते हुए आज न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया ।*

# एक साल से बंद ओटी में कर दिया ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला अस्पताल के जिस ओटी में ऑपरेशन कराया गया है, वह पिछले एक साल से बंद थी। ऑपरेशन थियेटर को सेनिटाइज करने में मेडिकल प्रोटोकॉल का पालन भी नहीं किया गया। डॉक्टरों ने फंगस वाले ओटी में मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन कर दिया। जहां 20 मरीजों का ऑपरेशन किया गया। इसके बाद 10 मरीजों की हालत बिगड़ गई, जिन्हें आनन फानन में रायपुर रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि जिन मरीजों की हालत बिगड़ी है, उन्हें इन्फेक्शन से फिर आंखों में समस्या हो रही है। 22 अक्टूबर को 20 लोगों का ऑपरेशन हुआ था, इसमें से 10 मरीजों की आंख में संक्रमण हो गया, इसकी शिकायत मरीजों ने की। इस पर एक को जगदलपुर के मेडिकल कॉलेज में रेफर किया गया। वहीं 9 को अंबेडकर हॉस्पिटल रायपुर में ले जाकर भर्ती कराया गया है, सभी मरीजों की आंख का फिर से ऑपरेशन हुआ है।

- 10 की आंखों में संक्रमण, रायपुर रिफर

### जांच की जाएगी

स्वास्थ्य विभाग बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक डॉ. केके नाग ने बताया कि इस मामले जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बेहतर जीवन के लिए सही खान-पान जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बालिकाओं और महिलाओं को पोषण आहार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, बकावंड में एक दिवसीय पोषण आहार जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय के समाज कार्य एमएसडब्ल्यू अध्ययनशाला की भागीदारी में हुए कार्यक्रम में उपस्थित किशोरियों और महिलाओं को पोषण आहार संबंधी कई जानकारी दी गई।

- कस्तूरबा गांधी विद्यालय में पोषण आहार जागरुकता कार्यक्रम हुआ

इस अवसर पर बालिकाओं ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। नाटक के माध्यम से बताया गया कि बालिकाओं को अपने दैनिक जीवन में किस प्रकार का भोजन लेना चाहिए और किन चीजों का परहेज करना चाहिए। सुपरवाइजर पूनम विश्वकर्मा ने कहा कि हमारे शरीर के लिए पोषक आहार बहुत जरूरी है। सभी बालिकाओं और महिलाओं को बेहतर जीवन के लिए संयमित जीवनशैली और सही खान-पान अपनाना आवश्यक है। जमू सेठिया ने प्रोटीन, विटामिन, खनिज और आवश्यक पोषक तत्वों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पौष्टिकता के लिए सभी को पारंपरिक भोजन,


▶▶| शेष पेज 8 पर




### पौष्टिक आहार आवश्यक

अतिथि व्याख्याता एलिस एंजिल तिर्की ने बताया कि 11 से 16 साल की बालिकाओं को पौष्टिक आहार की अधिक आवश्यकता होती है। क्योंकि इसी उम्र में बालिकाओं में बहुत से शारीरिक एवं मानसिक बदलाव होते हैं। यदि उन्हें पौष्टिक आहार नहीं मिलेगा तो शरीर कमजोर हो जायेगा और भविष्य में उन्हें बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की बालिकाओं ने ढ़ेमसा नृत्य की भी प्रस्तुति दी।



# कांग्रेस ने फूंका गृहमंत्री का पुतला, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संभाग मुख्यालय राजीव भवन के समक्ष बलरामपुर जिले में पुलिस अभिरक्षा एवं पुलिस प्रताड़ना से हुई मौत तथा प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में गृहमंत्री विजय शर्मा का आज पुतला दहन किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में पुतला दहन किया गया। श्री मौर्य ने कहा कि प्रदेश में बढ़ती अराजकता, बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए सरकार जिम्मेदार है। पूरे प्रदेश में


▶▶| शेष पेज 8 पर


- प्रदेश में बढ़ती अराजकता, बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए सरकार जिम्मेदार : सुशील

# कालीपुर लीजेंड ने रोमांचक मुकाबले में धरमपुरा ग्रीन सिटी को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर से सटे कालीपुर स्थित नेताजी सुभाष टर्फ स्टेडियम में स्व. रतन टाटा की स्मृति में चल रहे ड्यूज बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार का पहला मुकाबला कालीपुर लीजेंड और धरमपुरा ग्रीन सिटी के मध्य खेला गया। कालीपुर के कप्तान ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कालीपुर के लिए सतिंदर पाल और महेश मिश्रा सलामी बल्लेबाजी करने उतरे। मैच के पहले ही ओवर में महेश मिश्रा रन आउट होकर पवेलियन लौटे। वही सतिंदर पाल भी केवल एक रन बनाकर पेवेलियन लौटे। इसके बाद कप्तान आदित्य गुहा मैदान पर उतरे आदित्य गुहा ने धैर्य पूर्वक बल्लेबाजी करते हुए अपने टीम के लिए 45 गेंद में 7 चौक की मदद से शानदार 52 रन बनाकर आउट


▶▶| शेष पेज 8 पर


- दूसरे मुकाबले में तितरगांव ने सिरहासार क्रिकेट क्लब को किया परास्त



### गुहा की शानदार बालिंग से पलटा मैच

*धरमपुरा की टीम आहिस्ता- आहिस्ता विजय के लिए निर्धारित स्कोर की ओर बढ़ रही थी। कालीपुर के बालर प्रदीप गुहा ने एक ओवर में ही पूरा मैच पलटा दिया। बालर गुहा ने एक ही ओवर में तीन विकेट चटका दिए और मैच का रूख ही बदल दिया। उसके बाद धरमपुरा की टीम संभाल नहीं पाई। और मैच को गवां दिया।*


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124


## कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार ने शुरू की थी जगदलपुर-रायपुर विमान सेवा

# सरकार की विफलता के चलते विमान सेवा हो गई बंद : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने जारी बयान में कहा कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार ने यात्रियों का ध्यान रखते हुए जगदलपुर से रायपुर के लिए विमान सेवा यात्रा की शुरुआत की थी, परंतु राज्य में बैठी डबल इंजन की सरकार की विफलता के चलते इस विमान सेवा को बंद कर दिया गया है। जिससे बस्तर जगदलपुर की जनता में काफी आक्रोश व्याप्त प्रतित हो रहा है। भाजपा की सरकार ने हमेशा बस्तरवासियों को छला है। कांग्रेस की लाई हुई विमान सेवाओं जैसी अन्य योजनाओं को संजोए रखना छोड़ द्वेषपूर्ण राजनीति कर उनको बंद करने का कार्य कर रही है जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। आगामी समय में धनतेरस व दीपावली पर्व है और ऐसे त्यौहारी सीजन से पूर्व इस विमान सेवा के बंद की स्थिति से यात्रियों में पर्यटकों के साथ ही व्यापारी वर्ग सहित आम यात्रियों में काफी नाराजगी व्याप्त है।

## मंत्री,सांसद और विधायक से साधी चुप्पी

मौर्य ने बताया इससे पहले अप्रैल के मध्य में एलाइंस एयर ने हैदराबाद-जगदलपुर- रायपुर सेक्टर में संचालित विमान सेवा को बंद कर दिया था। अब इंडिगो कंपनी द्वारा जगदलपुर से रायपुर में संचालित विमान सेवा बंद कर दी है,जो कि सीधे भाजपा के डबल इंजन सरकार की बहुत बड़ी विफलता है। वही अब तक इस मुद्दे पर मंत्री केदार कश्यप स्थानीय विधायक,बस्तर सांसद व भाजपा के किसी भी नेताओं का व्यक्तव्य सामने नहीं आया है इन सभी की चुप्पी इस बात का प्रमाण है कि इन्हें बस्तर के विकास से कोई लेनादेना नही है कुल मिलाकर भाजपा की सरकार बस्तर के हित व जनहित विकास हेतु प्रतिबद्ध नही है।






## खबर संक्षेप

### 25260 रुपए के साथ 4 जुआरी पकड़ाए

**गीदम।** पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला व रामकुमार वर्मन के मार्ग दर्शन एवं उन्नति ठाकुर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बारसूर के पर्यवेक्षण में निरीक्षक धनंजय सिन्हा थाना प्रभारी गीदम व थाना स्टाफ के द्वारा जुआ रेड कार्यवाही की जा रही है। रविवार को मुखबिर सूचना पर पीडब्ल्यूडी पारा गीदम में कुछ व्यक्ति अवैध रूप से 52 पत्ती तास पर रूपये पैसो का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर उनि संजय यादव, उनि शशिकांत यादव, सउनि पंकज धर, प्रआर राजकुमार सिंह, प्रआर मनोज भारद्वाज, प्रआर उत्तम मण्डावी, आर भील नाग, आर राजमन के साथ घेराबंदी कर जुआ रेड कार्यवाही की गई जिसमें 4 लोगों को पकड़ा गया। शिव शक्ति, सहरूप, पवन, कुशाल की तलाशी लेने पर नगदी 25260 रुपए बरामद किया गया।

### दीपावली पर्व के चलते बाजार गुलजार



**जगदलपुर।** दीपावली पर्व के चलते शहर के साप्ताहिक बाजार में रौनक दिखी। वहीं बाजार में लहसून महंगा होने के बाद लोग खरीद रहे हैं। साथ ही प्याज की दर बढ़ने की संभावना बताई जा रही है। बाजार में रविवार को फूलगोभी 100, पत्तागोभी 40, शिमला मिर्च 60, हरी मिर्च 50, भिंडी 30, भट्टा 30, बरबटी 40, करेला 50, आलू 40, प्याज 60-70, अदरक 200, लहसून 400 रुपए किलो और लालभाजी 20 रूपए में 10 एवं पालकभाजी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रहा है।

### हेमंत पांडे बने प्रांत संगठन मंत्री



**जगदलपुर।** हेमंत पांडे बने सहकार भारती के छत्तीसगढ़ प्रांत संगठन मंत्री बनाए गए। साथ ही और नये दायित्व की घोषणा की गई जिसमें नुरनेश प्रांत उपाध्यक्ष, किशोर साहू बस्तर संभाग प्रमुख (पूरण कालिक), महेन्द्र कश्यप जिला अध्यक्ष बस्तर जिला। महिला प्रमुख उमा गुप्ता बस्तर जिला। प्रमोद गुप्ता जिला अध्यक्ष दंतेवाड़ा जिला। पारवती परिहार जिला अध्यक्ष महिला दंतेवाड़ा। प्रेम शंकर सोनबेर जिला अध्यक्ष बीजापुर। रंजीता तामड़ी महिला प्रमुख बीजापुर जिला। ऋषभ किशोर गुप्ता जिला अध्यक्ष सुकमा। अशोक यादव जिला अध्यक्ष नारायणपुर। सतेन्द्र सिंह जिला अध्यक्ष कांकेर। वासुदेव नेगी जिला अध्यक्ष कोंडागांव बनाए गये।

## विकास खण्ड बस्तर में रात्रि रक्त पट्टी संग्रह अभियान शुरू

# फाइलेरिया पर दो दिन में 350 लोगों से लिया गया खून का नमूना

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर



राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर के निर्देश, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के मार्गदर्शन में विकासखंड बस्तर में फाइलेरिया को लेकर रात में चलाया जा रहा सर्वे एवं लिंफेटिक फाइलेरायसिस रात्रि रक्त पट्टी संग्रह अभियान चल रहा है। दो दिनों में लगभग 350 लोगों का रक्त पट्टी संग्रह किया गया। बस्तर ब्लॉक की उप स्वास्थ्य केंद्र बागबहार एवं उप स्वास्थ केंद्र देउरगांव में रात्रि कालीन सर्वे किया जा रहा है, जिसमें रात में 8 से प्रातः 12.30 तक ब्लड स्लाइड लिया जा रहा है। अभियान के दौरान ग्रामीणों को फाइलेरिया अभियान के बारे में जानकारी दी गई एवं बचाव के उपाय बताए गए साथ ही रात के समय जांच हेतु खून लेने के संबंध में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिले एवं ब्लॉक मुख्यालय की टीम द्वारा सतत रूप से रात्रि कालीन भ्रमण किया जा रहा है जिसमें डॉक्टर सी मैत्री जिला मलेरिया अधिकारी, मेडिकल कॉलेज जगदलपुर से डॉक्टर अरूणिम, चिकित्सा दल, खंड चिकित्सा अधिकारी बस्तर डॉ. पीएन शांडिल्य, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक बस्तर राजेंद्र कुमार बघेल, मलेरिया टेक्निकल सुपरवाइजर भुनेश्वर नाईक एवं सम्बंधित ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक स्टाफ, मितानिन व समस्त सर्वे टीम की शामिल रही।

### लगाएं मच्छरदानी

खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीएन शांडिल्य ने बताया कि फाईलेरिया के बैक्टीरिया रात के समय में ही एक्टीव होते हैं। उन्होंने बताया कि फाईलेरिया बीमारी संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। इससे बचने के लिए सोते समय हमेशा मच्छरदानी लगाकर सोना चाहिए। साथ ही हर साल चलने वाले एमडीए कार्यक्रम के दौरान फाईलेरिया रोधी दवा का सेवन करने एवं रात के समय ऐसे कार्यक्रम में जाकर खून जांच करवाना चाहिए इस मौके पर आए जिला से जिला मलेरिया अधिकारी डॉ सी मैत्री व विकासखंड मलेरिया सुपरवाइजर भुनेश्वर नाईक ने भी अभियान का निरीक्षण कर कई दिशा निर्देश दिए।

इंटर स्कूल चावरा कप का समापन

# कबड्डी और खो-खो में सैंकड़ों खिलाड़ियों ने दिखाया जौहर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विद्या ज्योति स्कूल द्वारा सिल्वर जुबली इंटर स्कूल खो-खो, कबड्डी चावड़ा कप का आयोजन 24 व 25 अक्टूबर को स्कूल ग्राउंड में आयोजित की गई। जिसमें 17 वर्ष से काम बालक बालिका की प्रतियोगिता हुई। संभाग भर से 550 खिलाड़ियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि फादर बीजू वेदप्रकाश सोनी शिक्षा विभाग के क्रीड़ा अधिकारी फादर जोमोन, प्राचार्य क्राइस्ट कालेज, प्राचार्य एंथोनी विद्या ज्योति स्कूल ने उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में 11 स्कूलों से बालक खो-खो की 10 टीम, बालक कबड्डी की 10 टीम, बालिका खो-खो की 9 टीम, बालिका कबड्डी की 6 टीमों ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल का नाम रौशन किया। प्रतियोगिता में विजेता दल को 5 हजार एवं उपविजेता को 3 हजार का नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। समापन समारोह के अतिथि रविन्द्र पटनायक संभागीय क्रीड़ा अधिकारी, प्राचार्य एंथोनी, फादर पीटर व फादर बीजू ने पुरुस्कार वितरण किया। इस मौके पर पीटीआई, प्राचार्य विद्या ज्योति स्कूल के मैनेजमेंट, शिक्षक, छात्रा, खिलाड़ी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। संचालन अब्दुल मोईन ने किया। निर्णायक मो. साहेबा, मधुसुदन वर्मा, अभय माने, अविनाश माने, चंद्रमोहन वर्मा, सागर शर्मा, अभिजीत तिवारी, सुश्री गुरप्रीत कौर, गजेंद मारपी रहे।

# माड़पाल मरघट में अंतिम संस्कार की सुविधा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



संभाग मुख्यालय से करीब 12 किमी दूर एनएमडीसी नगरनार स्टील प्लांट क्षेत्र में सम्मलित ग्राम माड़पाल में लोगो को अपने

- मुक्तिधाम में न तो बोरिंग और न ही शेड व चाहरदिवार
- सांसद गृहग्राम कलचा से सटे और स्टील प्लांट क्षेत्र में होने के बाद विडंबना

परिजनों को अंतिम संस्कार में भारी परेशानियों का सामना करने को मजबूर है। मुक्तिधाम में पानी की सुविधा है और न ही शेड का निर्माण किया गया। खुले आसमान के नीचे ग्रामीणों को अंतिम संस्कार करना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में अंतिम संस्कार के लिए अनेक परेशानियों से ग्रामीणों को दो-चार होना पड़ता है,जब खुले आसमान में शव को परिजन मुखाग्नि देने जदोजहद करते नजर आते है। विडंबना देखिए स्टील प्लांट क्षेत्र से जुड़े ग्राम माड़पाल के विकास के लिए एनएमडीसी स्टील प्लांट प्रबंधन सीएसआर फंड की व्यवस्था होने के बाद भी लोगो ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। जागरूकता के अभाव बड़ा कारण बताया जा रहा है। जब तक ग्राम पंचायत से प्रस्ताव बनाकर स्टील प्लांट प्रबंधन को क्षेत्र विकास निधि की मांग नही की जाती तब ऐसे ही हालात से ग्रामीणों को गुजरना होगा। स्थानीय क्षेत्र विकास निधि(सीएसआर) राशि के जरिए विकास और निर्माण कार्य किए जाते है। बता दे कि माड़पाल बस्तर सांसद महेश कश्यप के गृहग्राम कलचा से सटे होने के बाद यह स्थिति है,कि ग्रामीणों को आवश्यक मूलभूत सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है। सांसद को इस दिशा में गम्भीरता से प्रयास करने की दरकार है,ताकि माड़पाल के लोगो की समस्या का निराकरण हो सके। अंतिम संस्कार के दौरान शोकाकुल परिवार को समस्या से राहत देने मुक्तिधाम में शेड और बोरिंग की व्यवस्था तत्काल बहाल हो। रविवार को शोकाकुल चंदेल (ठाकुर) परिवार को अंतिम संस्कार के दौरान पानी के लिए परिजन को परेशानियों का सामना करना पड़ा। साथ ही सेड नही होने से अंतिम संस्कार में सम्मलित लोगो को तेज धूप के बाद भी खुले आसमान के नीचे घण्टो गुजरना पड़ा।

### ग्रामीणों ने विधायक से की मांग

माड़पाल जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में सम्मिलित है। ग्रामीणों ने मुक्तिधाम में चाहरदिवार, बोरिंग, शेड बनाने की मांग लंबे समय से कर रहे हैं, बावजूद इसके आज पर्यन्त मुक्तिधाम में सुविधा बहाल नहीं की गई। ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देवसिंह से मांग की है कि मुक्तिधाम में आवश्यक निर्माण कार्य और बोरिंग की सुविधा बहाल किया जाए।

# स्वास्थ शिविर में 311 मरीजों का हुआ उपचार, दी गई दवाईयां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एसबीआई फाउंडेशन और परिवर्तन समाज विकास समिति सयुंक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत बड़े मुरमा, नानगुर में चर्म रोग निवारण विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में चर्म रोग से बचने और उनका बेहतर इलाज करने के लिए जागरूकता फैलाना था। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम ने बड़ेमुरमा,नानगुर, जगदलपुर में 311 मरीजों का निः शुल्क उपचार किया गया। साथ ही उन्हें निः शुल्क दवाइयां दी गई। इसके अतिरिक्त 35 लोगो का पैथोलॉजीकल परीक्षण भी किया गया। जिससे उनकी स्वास्थ समस्याओं का गहराई से विश्लेषण और उपचार किया जा सके। शिविर में एसबीआई संजीवनी की टीम तथा गांव के सरपंच मन्धर शिवम कश्यप,सचिव प्रदीप यादव मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर विभास ओझा, डॉक्टर जयंत सिंह साथ ही जिला समन्वयक सूरज पटनायक साथी कर्मचारी योगेश, धनश्री, डॉली, दुर्जन ने अपनी सेवाए प्रदान की।

# माहरा समाज की बैठक में समाज को मजबूत बनाने पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

तोकापाल ब्लॉक के पोटानार चित्रधारा प्रांगण में रविवार को माहरा समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में समाज को मजबूत बनाने और नई पीढ़ी के भविष्य को बेहतर बनाने पर गहन चर्चा की गई। बैठक में माहरा समाज के कई गणमान्य सदस्य और युवा शामिल हुए, जिन्होंने अपने विचार साझा किए और समाज के विकास के लिए विभिन्न सुझाव दिए। चर्चा में शिक्षा, रोजगार, और सामाजिक एकता पर विशेष ध्यान दिया गया। समाज को मजबूत बनाने के लिए एकजुटता बनाए रखने और युवाओं को समाज की धरोहर से जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने समाज के इतिहास और मूल्यों को संजोए रखने की बात कही और युवाओं को अपने गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

# छात्रों को दी गई साइबर सुरक्षा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



साइबर क्राईम के प्रति छात्रो को जागरूक करने सायबर टीम द्वारा डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल उलनार में साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान

- डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल उलनार में साइबर जागरूकता अभियान
- छात्रों को बताया गया इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप आदि पर अनजान लिंक को क्लिक या डाउनलोड न करें


छात्रों को इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप आदि सोशल मिडिया साइट पर आए अनजान लिंक को क्लिक या डाउनलोड न करने जागरूक किया गया।

साइबर पुलिस जगदलपुर के सौजन्य से बकावंड ब्लॉक के डीएवी स्कूल उलनार में साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल उलनार के प्राचार्य मनोज शंकर के मार्गदर्शन में साइबर टीम द्वारा स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों के बीच साइबर जागरूकता अभियान के तहत बच्चों और शिक्षकों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान एसआई अमित सिदार ने साइबर अपराध के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताते हुए साइबर अपराध के विभिन्न प्रकारों की जानकारी देते हुए बताया कि इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप आदि पर अनजान लिंक को कभी भी क्लिक या डाउनलोड नहीं करने और अनजान व्यक्ति से ओटीपी शेयर नहीं करने की सलाह दी। इस दौरान छात्रों को वीडियो प्रसारण के माध्यम से सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी बेवसाइट, बैंकिंग फ्रॉड आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय पर छात्रों को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में तरह तरह के साइबर फ्रॉड सामने आ रहे हैं जिससे सतर्क रहकर ही हम साइबर फ्रॉड का शिकार होने से बच सकते हैं। छात्रों को जागरूक करते हुए वित्तीय धोखाधड़ी सोशल मीडिया के माध्यम से अपराध स्पैम मैसेज, ईमेल फ्रॉड और डिलीवरी धोखाधड़ी के बारे में चर्चा करते हुए उसके रोकथाम के लिए समस्त उपायों को साझा किया और उन्हें इससे बचने के उपाय बताया गया। इस दौरान बच्चों ने सायबर फ्रॉड की जानकारी लेते हुए इसे अपने अभिभावकों से साझा करने की बात भी कही। शिक्षिका श्रेजल विष्णु द्वारा साइबर टीम के प्रति धन्यवाद प्रेषित किया गया। इस अवसर पर साइबर टीम प्रभारी अमित सिदार, दीपक कुमार व गौतम सिन्हा के अलावा विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक व छात्र मौजूद थे।

### जल जीवन मिशन के अंतर्गत तोकापाल ब्लॉक के छोटे पाराकोट को मिला हर घर जल प्रमाण पत्र

**जगदलपुर।** जल जीवन मिशन भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करना है। इस योजना ने न केवल ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल सुलभ करवाया है। वरन उनके स्वास्थ्य में सुधार किया है, जिससे ग्रामीणों के जीवन स्तर में भी बड़ा परिवर्तन लाया है। इस दिशा में जिले के विकासखण्ड तोकापाल के ग्राम छोटे पाराकोट में भी जल जीवन मिशन के द्वारा जलापूर्ति सुनिश्चित होने से ग्रामीणों के जीवन में बदलाव आया है। 65 घरों का यह छोटा सा गांव शहरी चकाचौंध से दूर खेती एवं वनोपज से अपना गुजारा करते हैं। गांव के चारों ओर वन है जिससे हरियाली के साथ ही ठंडी बयार मन को मोह लेती है। छोटे पाराकोट के ग्रामीणों का कहना है कि यहां के ग्रामीण जल संकट से जूझ रहे थे। पहले कुएं से फिर बोरिंग से पानी लाते थे,पानी लाने के कारण विशेषकर महिलाओं का जीवन परेशानी भरा रहता था। जिससे ग्रामीण महिलाओं में चिड़चिड़ापन, तबीयत खराब रहना आम बात थी।


LG
Life's Good.
India ka Celebration
This Diwali, celebrations will be brighter nationwide with exciting offers on select LG products @ LG Best Shop.
Win LG Dream Home Package
EVERY DAY
(Side-by-Side Refrigerator, Front Load Washing Machine, Microwave Oven, Water Purifier, Air Conditioner & OLED)
Grab Assured Gifts
Up to ₹51 CRORES
To participate, send an SMS <"First Name" "Last Name" GTM Code> to 7835073507
BEST SHOP EXCLUSIVE OFFERS*
1 YEAR FREE INSURANCE (On Select LG products)
Instant cashback UPTO 26% (On Select Debit & Credit cards EMI & Non EMI)
ASK FOR LG BEST CARE PLAN Annual Maintenance Contract
Instant Discount Assured WIN KI GUARANTEE
ASSURED DISCOUNT
GET UP TO ₹7000 Off On Select LG TVs & XBOOM
GET UP TO ₹5000 Off On Select Refrigerator, Washing Machine & Microwave Oven
5-YEAR GUARANTEED New Smart Platform Experience
LG OLED evo AI The Next Generation of LG AI TV
OLED CIRCLE Get benefits up to ₹50000*
3 YEAR WARRANTY
RANGE STARTS FROM: ₹99990
LG QNED AI
UP TO 30% OFF ON LG SOUNDBAR* (With Select LG TVs)
FIXED EMI STARTING FROM ₹1999*
1 EMI FREE (Limited XBOOM Models)
RANGE STARTS FROM: ₹39990
X-BOOM
FIXED EMI STARTING FROM ₹999*
FREE MIC (On Select Models of LG XBOOM)
RANGE STARTS FROM: ₹13990
SIDE-BY-SIDE REFRIGERATOR
LG InstaView Door-in-Door
FREE* MINI REFRIGERATOR Worth up to ₹11999* (On Selected Models)
FIXED EMI STARTING FROM ₹4999*
FREE* 8 PIECE BOROSIL GLASS LOCK KIT Worth ₹5000 (On Select Models)
RANGE STARTS FROM: ₹61990
DOUBLE DOOR REFRIGERATOR
ThinQ | DoorCooling+ | Wi-Fi Convertible
FIXED EMI STARTING FROM ₹1499*
RANGE STARTS FROM: ₹20990
TOP LOAD WASHING MACHINE
AI DD | Steam | LG ThinQ | 6 Motion DD | TurboWash
FIXED EMI STARTING FROM ₹1499* (On Select Models)
RANGE STARTS FROM: ₹16990
LG WASHER DRYER
The New Way of Washing & Drying
AI DD | Steam | LG ThinQ | 6 Motion DD | TurboWash
FIXED EMI STARTING FROM ₹3999* (On Select Models)
RANGE STARTS FROM: ₹44990
LG HOT & COLD AIR CONDITIONERS
DualCool | Hot & Cold | 5 Star Series Dual Inverter Compressor
You Decide Your Season
FIXED EMI STARTING FROM ₹1999*
(Offer on 5 Star / Hot and Cold ACs)
RANGE STARTS FROM: ₹49990
DISHWASHER
10 YEAR* WARRANTY ON INVERTER DIRECT DRIVE
FIXED EMI STARTING FROM ₹2999*
RANGE STARTS FROM: ₹39990
MICROWAVE
SCAN TO COOK with Stylish Look
FREE* GLASS BOWL SET (On Select Models)
EMI STARTING FROM ₹1499* ₹1999* (On Select Models)
RANGE STARTS FROM: ₹17990
WATER PURIFIER
Airtight Stainless Steel Tank | In-Tank UV Contactless Maintenance
FREE* STAINLESS STEEL BOTTLE (On Select LG Water Purifiers)
EMI STARTING FROM ₹888* ONWARDS
RANGE STARTS FROM: ₹14990
LG Best Care 08069379999
LG WhatsApp No. 9711709999
Now shop at LG Brand Store https://qrco.de/bf53os
Regd. Office: LG Electronics India Pvt Ltd., A-24/6, Mohan Cooperative Industrial Estate, Mathura Road, New Delhi-110044
CIN No. U32107DL1997PTC220109
AMERICAN EXPRESS ICICI Bank AXIS BANK BOBCARD IndusInd Bank FEDERAL BANK HDFC BANK RBL BANK SBI card
LG BEST SHOP
विश्वास व व्यवहार की परम्परा
MAHAVEER COMMUNICATION
Besides Sai Mandir Dharampura, Jagdalpur
9406315666 | 9993397450

नारी करती है जब गहनों का श्रृंगार, तो लक्ष्मी आती है आपके द्वार
राजकमल के पायल का घुंघरू जब बजता है,
तो घर का खूबसूरत आंगन झूम उठता है

# ज्वेलरी उत्सव



**100%**
पुराने सोने में एक्सचेंज

**99.99%**
सोने व चांदी के सिक्के पर मेकिंग चार्ज फ्री

**0%**
चार्ज क्रेडिट कार्ड पर



धनतेरस - दिवाली
एडवांस बुकिंग प्रारंभ

## राजकमल ज्वेलर्स

Main Road, Jagadalpur | +91 94060 75500

होलसेल मेकिंग चार्जेस | सोने व चांदी के गिफ्ट आइटम उपलब्ध | अब आपके पुराने किसी भी कैरेट के सोने पर कोई कटौती नहीं